CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अ१२/23

7-2

अभिनव संगीत रत्न

भाग-2

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

ग्रन्थालय
, वाराणसी-५
/23

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi.

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
नवनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अभिनव संगीत रत्न

द्वितीय भाग

अ 82/23

आम्नाय—ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

लेखक: —
संगीताचार्य ओम्प्रकाश
प्रिंसिपल संगीत भवन, देहली।

—:o:—

संगीत भवन प्रकाशन
१५ ए/५८, डबल्यू० ई० ए०,
करौल बाग, नई देहली-५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक—
श्री ओम् प्रकाश

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रथम बार १९६४

मुद्रक:—
एस० के० वशिष्ट
वशिष्ट प्रिंटिंग प्रेस
गाज़ियाबाद
फ़ून : २२०४

मूल्य पाँच रुपया पचास नए पैसे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय
भरतनिधि, कर्नल
अनूपशहर

समर्पण

जिनके चरणों में रहकर

मेरे हृदय को अनुभूति

और

वाणी को स्वर मिले

उन्हीं प्रेरणादायिनी सरस्वती

के चरणों में

यह

'अभिनव संगीत रत्न' समर्पित है।

संगीताचार्य ओम्प्रकाश
प्रि० संगीत भवन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी



संगीताचार्य ओम् प्रकाश

प्रिंसिपल संगीत भवन

दिल्ली ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तावना

दानी दयानी वीणा वादिनी सरस्वती माँ के वरदान से मुझे बाल्यकाल से ही कविता एवं संगीत से अत्यन्त रुचि, लग्न तथा स्नेह रहा है। मेरे पूज्यनीय पिताजी को भी इस कला से अत्यन्त प्रेम था। इतना ही नही, वे एक योग्य संगीतज्ञ भी थे। वे संगीत कला को जीविका का आधार न मान, हरिभक्ति एवं आत्मशाँति के साधन स्वरुप समझते थे। उनकी यह तीव्र इच्छा थी कि परिवार में कोई न कोई निपुण संगीतज्ञ बने। इसी घ्येय की पूर्ति के लिये उन्होंने मुझे योग्य तथा अनुभवी गुरुजनों के पास रहकर इस कला के अध्ययन करने में सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया। हमारे परिवार में मेरे अतिरिक्त, मेरी बड़ी बहनजी की सुपुत्री डा० कुमारी प्रेमलता शर्मा को भी संगीत शिक्षा प्राप्त हुई। डा० कुमांरी प्रेमलता जी ने अपनी संगीत की शिक्षा पं० ओंकार नाथ ठाकुर जी से प्राप्त की। आचार्यं ओंकारनाथ जी के बनारस हिन्दू विश्व-विद्यालय के कुलगुरु पद से अवकाश पा लेने के पश्चात् विश्वविद्यालय का सारा कार्यंभार प्रेमलता जी ने सम्हाला। आजकल भी वे इसी संस्था में प्रोफेसर नियुक्त हैं। डा० प्रेमलता ने पूरी लग्न तथा गुरु कृपा के कारण संगीत के क्षेत्र में पर्याप्त उन्नति और यश की प्राप्ति की।

उन्हीं गुरुजनों की कृपा व आर्शीवाद से, मैं, लगभग पच्चीस वर्ष के कठोर परिश्रम तथा, अनुभव के पश्चात् इन ग्रन्थों 'अभिनव संगीत रत्न' भाग प्रथम तथा भाग द्वितीय के लिखने में समर्थ हो सका हूँ जिन्हें जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुये मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है। इन ग्रन्थों द्वारा संगीत के प्रचार में सहयोग अथवा जिज्ञासुओं को कोई लाभ हुआ तो मैं अपने किये हुये परिश्रम को सफल समझूंगा।

प्रस्तुत ग्रन्थों के लिखने में मेरी शिष्या कुमारी कमल-प्रभा महेन्द्र, एम० ए. ने अत्यन्त परिश्रम एवं लग्न के साथ कार्य किया है। आशा है कि आगामी ग्रन्थो के लिखने में भी सहयोग देंगी। इनके अतिरिक्त वशिष्ट प्रेस गाजिया-बाद के संचालक रवीन्द्र शर्मा से इन ग्रन्थों को छापने में बडी सावधानी से काम लिया है। रवीन्द्र शर्मा जी ने प्रथम बार संगीत के स्वर लिपि वद्य ग्रन्थ छापे हैं इसी कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है जिसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	पृष्ठ संख्या
१-चिह्न परिचय	१
२-ताल परिचय	२

राग अनुक्रमणिका

राग भीमपलासी

१-परिचय	५
२-आलाप	६
३-तानें	८
४-स्वरमालिका (त्रिताल)	११
५-लक्षणगीत (त्रिताल) ... ... रागनी भीमपलासी कहावत	१२
६-विलंम्बित ख्याल (एकताल) ... ... काहे गुमान करे तू	१४
७-विलंम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ... सहज तरे भव माँहि	१६
८-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ... आई ऋतु बरसन को प्यारी	१८
९-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ... पिया घर आए	२०
१०-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ... बीती जात उमरिया तोरि	२२
११-द्रुत ख्याल (एकताल) ... ... शंकर शिव महादेव	२४
१२-तराना (त्रिताल) ... ... तनन तनन तन	२६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१३-ध्रुपद चारताल ... ...
नमन करो गुरु चरना २८
१४-धमार (धमार) ... ...
फागुन आयो री आज ३०

राग बिहाग

१५-परिचय ३२
१६-आलाप ३३
१७-तानें ३५
१८-स्वरमालिका (त्रिताल) ३७
१९-लक्षणगीत (त्रिताल) ... ...
शुद्ध सुरन को मेल मिलायें ३८
२०-विलंम्बित ख्याल (एकताल) ... ...
बन बन ढूंढ फिरी मनमोहन ४०
२१-विलंम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ...
बेर भई सखि री ४२
२२-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
नैंना मोरे नीर भरें ४४
२३-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
पिया बिन परत न चैन ४६
२४-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
बिरथा जनम गयो भजन बिन ४८
२५-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
टेर सुनो ब्रज राज दुलारे ५०
२६-तराना (त्रिताल) ... ...
ना दिर दिर दीम् तनन ५२
२७-ध्रुपद (चारताल) ... ...
नैनन में आन बसो ५४
२८-धमार (धमार) ... ...
आयो री आली फागुन मास ५६

राग दुर्गा

२९-परिचय ५८
३०-आलाप ५९

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३१-तानें	...	...	६०
३२-स्वरमालिका (त्रिताल)	...	...	६२
३३-लक्षणगीत (त्रिताल)	...	...	
दुर्गा थाट बिलावल मानी	...	...	६३
३४-विलंबिम्त ख्याल (एकताल)	...	...	
सीता पति राम सुमिर	...	...	६५
३५-विलंम्वित ख्याल (तिलवाड़ा)	...	...	
बाजत बाँसुरिया मधुबन में	...	...	६७
३६-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
हरि को नाम सुमिर मन मोरे	...	...	६९
३७-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
साँवरिया सुनो विनती हमारी	...	...	७०
३८-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
आई ऋतु बरसन को प्यारी	...	...	७१
३९-द्रुत ख्याल (झपाताल)	...	...	
पिया नाहीं सखि आये	...	...	७३
४०-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
बोलन लागे मोर सखिरी आज	...	...	७५
४१-तराना (त्रिताल)	...	...	
दीम् तन नन दिर	...	...	७६
४२-ध्रुपद (चारताल)	...	...	
गरजन लागे बादर कारे	...	...	७७
४३-धमार (धमार)	...	...	
व्रज में आज फाग मच्यो री	...	...	७९

राग पीलू

४४-परिचय	...	...	८१
४५-आलाप	...	...	८२
४६-तानें	...	...	८४
४७-स्वरमालिका (त्रिताल)	...	...	८७
४८-लक्षणगीत (त्रिताल)	...	...	
पीलू राग मेरो मन लीनो	...	...	८८

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४९-विलंम्बित ख्याल (एकताल) ... ...
नाद भेद अपरम्पार ९०
५०-विलंम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ...
जिया नाहीं लागे ९२
५१-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
मंगल गावत सखियाँ सारी ९४
५२-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
गोरी छम छम नीर भरे ९५
५३-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
काहे करत निठुराई ९७
५४-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
हरि को सुमिरन निसदिन करिये ९८
५५-तराना (त्रिताल) ... ...
श्रोदा दानि श्रोदा दानि १००
५६-ध्रुपद (चारताल) ... ...
आद सुमिर महादेव १०१
५७-धमार (धमार) ... ...
फगवा खेलत नन्द कुमार १०३

राग भैरवी

५८-परिचय १०५
५९-आलाप १०६
६०-तानें १०८
६१-स्वरमालिका १११
६२-लक्षणगीत (त्रिताल) ... ...
प्रातः गाइये मिल राग भैरवी ११२
६३-विलंम्बित ख्याल (एकताल) ... ...
शिव शिव रट रे मना तू ११४
६४-विलंम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ...
आज बलम आये ११६
६५-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
जिया नाहीं लागे हरि दरशन बिन ११८

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६६-द्रुत ख्याल (झपताल) ... ...
कैसे करूँ मैं आली ११९
६७-द्रुत ख्याल (एकताल) ... ...
मदन मोहन आये १२१
६८-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
सुमिर सुमिर हरि नाम मोरे मन १२३
६९-तराना (त्रिताल) ... ...
तनन तनन तन १२५
७०-ध्रुपद (चारताल) ... ...
राजन को महाराज १२७
७१-धमार (धमार) ... ...
केसर चंदन तिलक विराजे १२९

राग सारंग

७२-परिचय १३१
७३-आलाप १३२
७४-तानें १३४
७५-स्वरमालिका (त्रिताल) १३६
७६-लक्षणगीत (झपताल) ... ...
सारंग वृन्दावन १३७
७७-विलम्बित ख्याल (एकताल) ... ...
आद महादेव सुमिर १३९
७८-विलम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ...
नाद भेद अपरम्पार १४१
७९ द्रुत ख्याल (एकताल) ... ...
बंसीवट यमुना तट १४३
८०-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
मोहन आन बसो नैनन में १४५
८१-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
दरशन दीजो नन्द दुलारे १४७
८२-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
धेनु चरावत हरि वृन्दावन १४८

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

८३-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
झनन झनन पग पैंजनी बाजे	...	...	१५०
८४-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
देव पूजन को चली अलबेली	...	...	१५२
८५-तराना (एकताल)	...	...	
ओदा ना दिर दिर दीम्	...	...	१५४
८६-ध्रुपद (चारताल)	...	...	
गरजत घन घोर आये	...	...	१५६
८७-धमार (धमार)	...	...	
खेलत हैं महादेव देवन सन होरी	...	...	

राग बागेश्री

८८-परिचय	...	...	१०६
८९-आलाप	...	...	१६१
९०-तानें	...	...	१६३
९१-स्वरमालिका (त्रिताल	...	...	१६५
९२-लक्षणगीत त्रिताल)	...	...	
सुन्दर तान सखि अति रसभरी	...	...	१६६
९३-विलम्बित ख्याल (एकताल)	...	...	
कौन करे री ऐसो भक्तन को काज	...	...	१६८
९४-विलंबित ख्याल (तिलवाड़ा)	...	...	
भज रे भज मोरे मन तू	...	...	१७०
९५-विलम्बित ख्याल (तिलवाड़ा)	...	...	
इतनी विनती अब सुनहु मोरी	...	...	१७२
९६-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
घोर घोर घन गरजत आली	...	...	१७४
९७-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
नैया करो मोरी पार कन्हैया	...	...	१७६
९८-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
शरण गहे की लाज राखो हरि	...	...	१७८
९९-द्रुत ख्याल (त्रिताल)	...	...	
झनन झनन बाज रही पायल की झंकार		...	१८०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१००-तराना (त्रिताल) ... ...
आदोनि तदारे दानि १८२
१०१-ध्रुपद (चारताल) ... ...
ठुमक ठुमक चलत चाल १८४
१०२-धमार (धमार) ... ...
खेलत फाग आज बनवारी १८५

राग देस

१०३-परिचय १८७
१०४-आलाप १८८
१०५-तानें १८९
१०६-स्वरमालिका १९२
१०७-लक्षणगीत (त्रिताल) ... ...
सब मिल राग देश को गाइये १९३
१०८-विलंम्बित ख्याल (एकताल) ... ...
पिया परदेस गयो री आली १९५
१०९-विलंम्बित ख्याल (तिलवाड़ा) ... ...
आन बसी हिया माधुरी मूरत १९७
११०-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
बरसन लागि बूंदरियाँ १९९
१११-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
सुमिर सिया राम कमल चरण २०१
११२-द्रुत ख्याल झपताल) ... ...
इतनी सुनो मोरी २०३
११३-द्रुत ख्याल (त्रिताल) ... ...
हे रस भरी तान सखि हरिं गाये २०५
११४-तराना (त्रिताल) ... ...
ओदा नादिर दिर दीम् २०७
११५-ध्रुपद (चारताल) ... ...
आज सखि आनन्द भयो २०९
११६-धमार (धमार) ... ...
फगवा खेलत नन्द कुमार २११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाद

संगीत के आचार्यों के अनुसार अग्नि और मरुत के संयोग से नाद की उत्पत्ति हुई है। यह नाद अनाहत रूप से सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। इसी को शब्द ब्रह्म कहते हैं। यही पिण्ड में भी है, किन्तु सुषुम्ना-पथ बन्द होने के कारण साधारण व्यक्ति नहीं सुन सकते। योगी जन हठ योग के द्वारा कुण्डलिनी को जाग्रत कर, उर्ध्वगामी करते हैं जिससे यह पथ खुल जाता है, तो वे उस अनाहत ध्वनि को सुनने लगते हैं। सिद्ध साधकों ने उस ध्वनि को पहले समुद्र-गर्जन, मेघों की गड़गड़ाहट, शंख-घण्टे आदि की ध्वनि और अंत में किंकिणी वंशी भ्रमर आदि की ध्वनि के समान बताया है। यही नाद वास्तव में उपाधि युक्त होकर सात स्वरों में विभाजित हो जाता है, पर निरुपाधि होकर प्रणव या ओंकार कहलाता है। नाद ध्वनि के विषय में नाद विन्दूपनिषद् में नाद की ध्वनि की क्रमागत स्थूल से सूक्ष्म की ओर गत्यता को, निम्न छन्द में स्पष्टतः व्यक्त किया है। यथा:—

सिद्धासनस्थितो योगी मुद्रां सन्धाय वैष्णवीम्।
शृणुयाद्दाक्षिणे कर्णे नादमन्तर्गतं सदा॥
श्रूयते प्रथमाभ्यासे नादो नाना विधो महान्।
वर्धमानस्तथऽभ्यासे श्रूयते सूक्ष्म सूक्ष्मतः॥
आदौ जलधिजीमूत भेरी निर्झर संभवः।
मध्ये मर्देल शब्दा मो घण्टा काहलजस्तथा॥
अन्ते तु किंकिणी वंशी वीणा भ्रमर निस्वनः॥

'प्रणव' 'ओंकार' या 'ओऽम्' को शब्द ब्रह्म कहा है ओऽम् के तीनों अक्षर 'अ,' 'उ,' 'म,' तीन शक्तियों के द्योतक हैं। 'अ' उत्पत्ति शक्ति वाले सृष्टि कर्ता ब्रह्मा जी का प्रतीक है। 'उ,' धारक पालन तथा रक्षण शक्ति के प्रतीक विष्णु जी हैं और 'म,' महेश अर्थात् "शिव शक्ति"—नाश करने वाली शक्ति का द्योतक है। इन तीनों शक्तियों का पुंज ही परमेश्वर है। सृष्टि के उद्भव से लेकर मानव की सभी वृत्तियों में इसकी महत्ता वर्तमान

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। भारत के सभी दर्शन-शास्त्रियों और प्रायः सभी उपासना पद्धतियों में नाद तत्व की सर्वश्रेष्ठता स्वीकार की गई है। नाद को, ब्रह्म रूप मानकर योगी महर्षियों ने उसे निराकार ब्रह्म का साकार रूप कहा है। भर्तृहरि ने वाक्यपदीय में शब्द ब्रह्म, नाद की विवर्त प्रक्रिया द्वारा इस संसार की उत्पत्ति बताई है। परात्पर ब्रह्म की अनुभूति, 'प्रणव' की साधना या नाद की उपासना से ही सिद्ध होती है। ब्रह्माण्ड में दो ही तत्त्व, आकाश और नाद ऐसे हैं जो सर्व व्यापी एवं विश्व व्यापी हैं तथा 'शब्द गुणामाकाशं' का तात्पर्य भी यही है। इससे यह स्पष्ट है कि आकाश का गुण नाद है।

आकाश में इस गुण के उद्भव के लिए किसी प्रकार के प्रयत्न या संघर्ष की आवश्यकता नहीं होती। आकाश और ब्रह्माण्ड एक दूसरे के पर्याय रूप में यहाँ व्यवहृत हैं। यह नाद जैसा कि कहा जा चुका है आकाश का गुण है जो स्वतः उत्पन्न है। इसी तरह पिण्ड में स्थित आकाश में नाद के उद्बोधन के लिए किसी प्रकार के आघात या संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़ती। किन्तु अन्य वस्तुओं में स्थित आकाश में नाद के उद्बोधन के लिए आघात अथवा संघर्ष की आवश्यकता पड़ती है। इस तरह नाद के दो स्वरूप हमारे सामने आते हैं। पहला अनाहत और दूसरा आहत।

ब्रह्माण्ड में पिण्ड और पिण्ड में ब्रह्माण्ड—कबीर के शब्दों में "जल में कुम्भ, कुम्भ में जल है" की स्थिति है। दूसरे शब्दों में ऐसा कह सकते हैं कि हृदय में एक छोटी सी जगह 'दहराकाश' नाम से शुद्ध आकाश से व्याप्त है। इस आकाश में भी नाद की सृष्टि स्वतः उद्भूत ब्रह्माण्ड में व्याप्त अनाहत नाद के समान ही है। यह स्वतः उद्भूत नाद इतना मधुर है कि इसे एक बार श्रवण कर लेने के पश्चात् प्राणी या जीव का मन किसी दूसरे विषय में नहीं लगता। इसी अभिप्रेय से यह योगी ऋषियों का दीर्घ कालीन, युगों-युगों तक साधना का विषय रहा है। साधना कृच्छ्र होने के कारण इसे केवल कठोर साधक ही सुनते, समझते और मुक्ति पाते रहे। यह नाद मन या चित्त की सामरस्य अवस्था में या पारिभाषिक यौगिक शब्दावली में स्थितप्रज्ञ की स्थिति में ही सुना जा सकता है। कृच्छ्र यौगिक साधनाओं से मन या चित्त पूर्वा-पर वृत्तियों, रागों से पूर्णतः मुक्त होकर एक ऐसी विशेष मधुमती भूमिका में पहुँच जाता है जहाँ वितर्क की सत्ता नहीं रह जाती, वहाँ अनाहत नाद श्रुतिगोचर होता है। उसी नाद में साधक निमग्न होकर ब्रह्मानन्द का अनुभव करते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाद की श्रुति के विषय में, नाद-विन्दूपनिषद् में "नाना विद्या नादा: श्रूयन्ते सूक्ष्मसूक्ष्मत:" अर्थात् नाद, साधक के अभ्यास क्रमोन्नति के अनुसार स्थूल से सूक्ष्म की ओर गतिशील होता है जैसा कि पिछले पृष्ठ में नाद क्रमान्तर से सूक्ष्म हुआ है वैसी ही साधक की नादानुभूति होती है। इस तरह की साधना के मार्ग में जिस नाद की अनुभूत्ति होती है, वह उपाय रूप होती है। और जिस 'नाद' का संलक्षण रहता है वह 'उपेय स्वरूप' संज्ञा से अभिहित है। यह उपेय स्वरूप नाद साधक की नाना प्रकार की साधनाओं के द्वारा जब कुण्डिलनी शक्ति को ऊर्ध्वमुख उद्‌बुद्ध करता है उससे स्फोट होता है। जिसे संलक्ष्य नाद कहते हैं। इस स्फोटसिक्त नाद से प्रकाश स्फुरित होता है। यौगिक पारिभाषिक शब्दावली में, इसी को सूर्य, चन्द्र, अग्नि कहा गया है और कहीं-कहीं ब्रह्मा, विष्णु और महेश या शिव भी कहा गया है। यह नाद अपने आत्म रूप में अखिल ब्रह्माण्ड में व्याप्त अनाहत नाद का व्यष्टि या पिण्ड में व्याप्त या व्यक्त रूप है। इस तरह जो नाद अनाहत रूप में ब्रह्माण्ड में या विश्व में व्याप्त है उसी का प्रकाश जब व्यक्ति में होता है तब वह उपेय स्वरूप नाद या संलक्ष्य नाद से अभिहित होगा।

इस नाद के विषय में सरल स्पष्टीकरण यही है कि जो नाद अखण्ड रूप हो, जगत के अंतस्थल और सर्व ब्रह्माण्ड में निरन्तर ध्वनित हो रहा है, और जिसका कि एक सर्वथा स्वत: प्रसूत रूप स्वतंत्र हृदय परिधि में भी विद्यमान है, उसे साधारण व्यक्ति का, मन की वृत्तियाँ सदैव इड़ा पिंगला के माध्यम् से गतिमय रहने के कारण बहिर्मुखी होने से, सुषुम्ना-पथ बन्द हो जाता है और वह व्यक्ति उस ध्वनि को सुनने में सर्वथा असमर्थ रहता है। तभी इस सुषुम्ना-पथ को उन्मुक्त करने के लिए, कुण्डलिनी शक्ति जागृत करने की कृच्छ्र साधना अभिप्रेय है। ध्यान विन्दूनिषद् में संलक्ष्य नाद, इसके हल के हेतु दृष्टव्य है यथा:—

मूलाधरातं सुषुम्ना च विस तन्तु निमाशुभा।
अमूर्त्तो वर्तते नादो वीणा दण्ड समुत्थित:॥
शंखनादादिभश्चैव मध्यमेव ध्वनिर्यं था।
व्योमशन्ध्रगतो नादो मायूरं नादमेव च॥
कपाल कुहरे मध्ये चतुद्वरिस्य मध्य में।
तदात्मा राजते तत्र यथा व्योम्नि दिवाकर:॥
कोदण्डद्वयमध्ये तु ब्रह्मपन्धेषु शक्ति च।
स्वातमानं पुरुषं पश्येन्मनस्यत्र लयंगतम्॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थात्—मूलाधार चक्र से सुषुम्ना का उर्ध्व गामी स्वरूप कमल-नाड़ सदृश्य है। संलक्ष्य नाद इसी कमल-नाड़ सदृश्य सुषुम्ना नाड़ी में अमूर्त रूप में रहता है। शंख मयूरादि ध्वनियों की अनुभूति, इड़ा पिंगला सुषुम्ना घाण्टिकादि चार तोरणों को भेदकर व्योमरन्ध्रगत नाद की एकात्मता की अनुभूति कपाल कुहर में हो जाती है या उसे जो सुन लेता है, उसके समक्ष आकाश में स्थित सूर्य के सदृश्य आत्मा का पूर्ण प्रकाश प्रस्फुटित हो जाता है। इस अवस्था में मन लय को प्राप्त हो जाता है तथा इसी संदर्भ में शिव संहिता में दी हुई व्याख्या भी दृष्टव्य है :—

इड़ा गंग पुरा प्रोक्ता पिंगलाचार्क पुयिका।
मध्या सरस्वती प्रोक्ता तासां संगोऽति दुर्लभः॥
ब्रह्मा रंध्र मुखे तासां संगमः स्यादसंपयः।
तस्मिन् स्नाने स्नातकाना मुक्तिस्याद विरोधतः।

इस तरह जब क्रिया विशेष से सुषुम्ना पथ उन्मुक्त हो जाता है और कुण्डलिनी शक्ति जाग उठती है, तो प्राण स्थिर होकर शून्य पथ से निरन्तर उस अनाहत ध्वनि को सुनने लगता है।

नाद का अन्य रूप तंत्रों में प्राप्त होता है। तंत्रों का विशेष संबंध आगम ग्रन्थों से हैं। इनमें नाद के पूर्व-शक्ति और शक्तिमान ओंकार की श्रेष्ठता स्थापित की है। इन ग्रन्थों में शक्ति को नाद, शब्द, रव, स्वन आदि नाम देकर बहुत विस्तृत स्वरूपों से प्रस्तुत किया है। 'वाक्' के उल्लेखन् में इसको परावाक् या पराशक्ति संज्ञा से अभिहित किया है। यही अपने आगम रूपों में पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी में विभक्त हो जाती है जिसे अन्य शब्दों में इच्छा, ज्ञान, और क्रिया, नाम देते हैं। स्फोटवाद के अनुसार आत्मा या स्फोट 'वाच्य' है और उसकी वाचक शक्ति को 'नाद' या प्राकृत ध्वनि कहते हैं। आत्मा पहले नाद या प्राकृत ध्वनि के रूप में व्यक्त होती है इसके अनन्तर ही अन्य विकार उद्भूत होते हैं। इन सबकी प्रतीति आत्मा में स्वीकार की गई है। यहाँ यह मैं स्पष्ट कर दूँ कि स्फोटात्मा को ही प्रणव या ओंकार कहा जाता है। सूत-संहिता में इसके दो भेद कर दिए गए हैं एक ब्रह्म रूप दूसरा शब्द रूप। इसे पर-अपर भी कहते हैं। भागवत् पुराण कर्ता ने भी पर-ब्रह्म ओंकार के उल्लेखन् में इसे स्पष्ट व्यक्त किया है कि जो नाद शक्ति उत्पन्न होने पर प्रणव (ओंकार) के रूप में विवृत ओंकार के अनुरूप परिवर्तित होता है उसका मूल निम्न संस्कृत श्लोक में दृष्टव्य है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यथाः —

समाहित्तात्मनो ब्रह्मन् ब्रह्मणः परमेष्ठिनः,
हृद्याकाशादभून्ना दो वृत्तिरोधाद् विभाव्यते।
त तोऽभूस्त्रिवृ दोंकारो योऽव्यक्त प्रणव वराट्,
वस्तालिंग भगवतो ब्रह्माः परमात्मनः ।।

किसी-किसी आगम ग्रन्थ में सत्-चित् आनन्द स्वरूप ओंकार से शक्ति शक्ति से नाद, और नाद से बिन्दु की उत्पत्ति बताते हैं। योग-दर्शन में नाद और बिन्दू एकार्थक हैं। यहाँ प्रयुक्त बिन्दू का आशय अपेक्षाकृत सीमित अर्थ में है। मूल संस्कृत में "आसीच्छक्तिस्ततो नादा नादाद्बिन्दु समुद्भवः" अर्थात् शक्ति से नाद और नाद से बिन्दु की उत्पत्ति है। इनके अनुसार शक्ति से उत्पन्न होने वाला नाद महानाद कहलाता है, और बिन्दु अनाहत नाद का पर्याय है जैसा कि स्वीकार किया गया है—"बिन्दुरेव समाख्यात व्योमानाहतमित्यापि।" शैवागमों में इसे इतर ढंग से कहा गया है जो कि नाद सृष्टि और विकार के समग्र चित्र को प्रस्तुत करता है। इसमें शिव की शक्ति को ज्ञान शक्ति मानकर उसे सारी सृष्टि का निमित्त माना है एवं शक्ति और शिव के सम्मिलित रूप को क्रिया शक्ति का निमित्त माना है। यही क्रिया शक्ति बिन्दु और नाद का पर्याय है जो कि सृष्टि काल आधेय भी है। इसके दो भेद महामाया और माया हैं जो कि क्रमशः संगीत के अर्थ में अनाहत नाद और आहत नाद के पर्याय हैं। यहाँ विकल्प को लेकर शुद्ध और अशुद्ध रूपों की अवतारणा हुई जिससे कि चार पृथक-पृथक अवस्थायें परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी होती हैं, जो कि वाणी के चार भेदों के रूप में स्वीकार की गई हैं। इन भेदों को यौगिक पारिभाषिक शब्दावली में उपाय स्वरूप और उपेय स्वरूप या संलक्ष्य रूप में कहा गया है। अर्थात् जो उपेय स्वरूप हैं वे माया भेद के अशुद्ध रूप में वैखरी और मध्यमा हैं और संलक्ष्य रूप या उपेय स्वरूप वे महामाया भेद के शुद्ध रूप में पश्यन्ती और परा है। ये शुद्ध और अशुद्ध रूप, ओंकार, या प्रणव ब्रह्म के पर-अपर हैं। इस संबंध में सूत संहिता का श्लोक मूल रूप में दृष्टव्य है:—

यथा:—

परः परतरं ब्रह्म ज्ञानानन्दादिलक्षणम्।
प्रकर्षेण प्रणवः यस्मात् परं ब्रह्म स्वभावतः ।।
अपरः प्रणवः साक्षच्छिब्दस्य सुनिर्मलः।
प्रकर्षेण नवत्वस्य हेतुत्वात् प्रणवः स्मृतः ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रणव ओंकार या आगमानुसार चित्त आनन्द के स्वरूप को शैव शब्दावली में 'अचित' कहा है जिससे दोनों प्रकार की सृष्टियाँ हुई हैं।

इसके अनुसार हम देखते हैं कि जहाँ संगीताचार्यों ने दो स्पष्ट सोपान अनाहत और आहत के प्रस्तुत किये थे वे यौगिक, तांत्रिक, और दार्शनिक पारिभाषिक शब्द रूपों में, प्रथमत: एक आदि शक्ति की स्थापना करते हैं, उसके अनन्तर ही सृष्टि का विवर्त क्रम आता है जिसमें उसके भेदक्रम होते हैं। इस तरह हमारे सामने तीन वृत चित्र उपस्थित होते हैं। पहला वृत तो आदिरूप नाद अर्थात् महानाद, पर ओडम्, ओंकार, प्रणव, ब्रह्म शिव का है। दूसरे वृत्त में इस आदि रूप का शुद्ध रूप पश्यन्ती, परा सोपानों के स्वरूप अनाहत नाद, महामाया, का और तीसरा वृत अपर मध्यमा वैखरी से मुक्त आहत नाद व माया का है।

बौद्धिक तंत्र साधना में 'बिन्दुसाधन' एक विशिष्ट अंग है। वास्तव में वह तंत्रीय शब्दावली में महासुख की प्राप्ति है। इसमें बिन्दु का उद्भव जिसे निरोध बल से नाभि स्थित निर्माण चक्र में स्थिर तथा धारण करना पड़ता है। इस क्रिया के अभिप्राय में, बिन्दु को उद्बुद्ध कर निर्माण चक्र से उष्णीव कमल तक ले जाना पड़ता है। यौगिक क्रियाओं के समरूप ही यह बिन्दु का उद्बोध वस्तुत: कुण्डलिनी शक्ति का जागरण, एक ही व्यापार है! बिन्दु आत्मा प्राण, जीव का पर्याय है। इस सर्व व्यापार को तांत्रिकों की परिभाषा में, निर्माण चक्र में स्वशक्ति चाण्डाली का जागरण कहा जाता है। इसे मध्य मार्गीय उर्ध्व शक्ति भी कहते हैं। जिस क्षण में इस शक्ति का उदय होता है, उसी क्षण में कपाल कुहर स्थित् चन्द्र बिन्दु से अमृत-धारण प्रारम्भ होता है। इसमें उपाय और उपेय दोनों एकात्म होकर संलक्ष्य के प्रति उन्मुख होते हैं तभी यह जागरण होता है अर्थात् चित्त और सहजानन्द का सम्मिलित साम्य लाभ ही वस्तुतः महासुख राग का उदय है इस ऊर्ध्वोन्मुखी प्रक्रिया में बिन्दु स्थूल से सूक्ष्म की ओर बढ़ता है। ध्यान देने की बात इधर यह है कि नाद ध्वनि भी क्रमश: स्थूल से सूक्ष्म की ओर गतिमान रहती है। इसमें बिन्दु अपनी अपनी दिशा में तेजोमय स्वरूप में चलता है। फलत: प्रथमत: यह पृथ्वी जल, तेज, वायु के अवतरणों को प्राप्त होता हुआ अंत में चित्त मात्र अथवा शुद्ध ज्योति मात्र रुप में परिणत होकर उष्णीव कमल में बिन्दु के स्थिर होने के साथ ही दिव्यदृष्टि, दिव्य श्रुति का तथा सर्वज्ञत्व और विभुत्व गुण का उदय होता है। इस समय तुरीय दशा का उदय होता है। सिद्धि प्राप्त होने पर साधक का चित्त निर्वाण गामी स्रोत में आपन्न होता है। यही स्रोत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आगे चलकर जीवमुक्ति की अवस्था तक पहुँचा देता है। यही तंत्रीय निर्वाण या परम सिद्धि है इनकी तुरीया-वस्था, अनाहत नाद या महासुख राग अवस्था की ही पर्याय है। इसमें कथित उपाय और उपेय हिन्दू तंत्रों में शरीर स्थित जीवात्मा और मूलाधार चक्र स्थित कुण्डलिनि शक्ति का सम्मिलित प्रयास ही है। बौद्ध तंत्रों का उष्णीव-कमल-लक्ष्य गत प्रयास, सहस्त्रार स्थित परम तत्व परम शिव, ब्रह्म में लय होने की ही प्रक्रिया है।

कहने का सारांश यह है कि 'नाद' मानव शरीर के अंतर्गत वस्तुतः उस 'नाद' का प्रतिनिधित्व करता है जो ब्रह्माण्ड में, विश्व में कहा है। यूरोप के प्राचीन दार्शनिकों को इस व्यापक नाद के अस्तित्व में विश्वास था। वे इसे 'Music of the spheres' 'विश्व का मधुर संगीत' कहते थे। यह संगीत, मन की वृत्ति वहिर्मुखी रहने के कारण, साधना अभिप्रेय है। साधना के फलस्वरूप प्राण कुण्डलिनी के जागृत होने पर ऊर्ध्वोन्मुखी सुषुम्ना में प्रवेश है। इसके मार्ग में नीचे से ऊपर की ओर क्रमशः मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध एवं आज्ञा चक्रों से होती हुई अपने अभीष्ट संलक्ष्य तक पहुंचती है।

इस तरह योग तंत्र आदि में किसी न किसी तरह शब्द 'नाद' की उपासना है। शब्द या स्फोट, इसे प्रणव की व्याख्या करते समय पिछले पृष्टों में, प्रणव, के समरूप ही प्रस्तुत किया है।

इस शब्द या स्फोट की सैद्धान्तिक महत्ता स्थापित करने वालों में सर्व प्रथम भर्तृहरि हैं जिन्होंने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'वाक्य-पदीय' में शब्दाद्वैत वाद का प्रवर्त्तन किया। चूंकि यहाँ हमारा दृष्टि कोण संगीत परक है अतएव इसको विस्तृत व्याप्ति न देकर इसके विषय गत आलेख को ही प्रस्तुत करता हूँ।

इसके आदि तत्वों में या बीजवत् स्वरूप वेद मंत्रों में है। उपनिषदों में तो प्रणवोपासना ही इसका अन्य रूप है। प्रसिद्ध वैय्याकरण पाणिणी ने अपने सूत्रों में इसका उल्लेख कर इसका स्वरूप इस प्रकार 'तदशिष्यं संज्ञा प्रणाम त्वात्' निर्धारित किया है। इसमें 'शब्द' व्यवहार को अनादि बताया है। आदि से आशय ब्रह्म का है। इन सूत्रों के वार्तिककार कात्यायन ने 'सिद्धे शब्दार्थ सम्बधें' कहकर, शब्दार्द्ध को परम सिद्धि-वश प्रस्तुत किया। इसके अनन्तर भर्तृहरि ने "ध्वनिः स्फोटस्य शब्दानां ध्वनिस्तु खलु लक्ष्यते" में एर्द्ध निश्चित् दर्शन की धारा व्याप्त की है। इसका कथन है कि हमारी वागीन्द्रियों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का प्रथम समायोग, श्वास प्रश्वास या श्वास निष्क्रमण और अंगों का संचालन भी तभी होता है जब पूर्व के संस्कारों से नवजातशिशु को स्मृति होती है तब ध्वनि स्फोट के साथ होता है। इस तरह यह नित्य एवं अनादि है। आगे के श्लोकों ये उन्होंने यह तर्क दिया है कि यदि ऐसा होता तो नव-जात शिशु को अपने को व्यक्त करने के लिये ध्वनि 'अ' शब्द का आश्रय न लेना पड़ता। इस तरह यह सिद्ध किया कि शब्द सर्व व्यापक एवं नित्य है। इसका अगला चरण हम वैय्याकरणों का मान सकते हैं। उनका कथन है कि ब्रह्माण्ड की प्रत्येक वस्तु जो शब्दों के द्वारा व्यक्त की जा सकती है उसका अस्तित्व मान्य है। इसके अतिरिक्त कोई भी वस्तु जो शब्दों के द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकती, उसकी सत्ता भी स्वीकार नहीं की जा सकती। मूल रूप में इस तरह है— 'यर्द्धत्ते तव्यपरेश्य यन्त व्ययदिश्यते तन्नास्ति' इस तरह शब्द की अंतव्यप्ति शक्ति को ब्रह्म-गुण, रुदृश्य किसी भी परिधि में नहीं बाँधा जा सकता।

शब्द को ब्रह्म की संज्ञा तक ले जाने वालों में मीमांसक और नैयायिक में शब्द, ध्वनि को मानकर काफी समय तक विवाद एवं मत भेद रहा। समय के प्रवाह के साथ दोनों की है महत्ता कम हो गई। यहाँ मैं उसे पूर्ण रूप में प्रस्तुत न कर, केवल उसके सार को प्रस्तुत करता हूँ। उनकी ऐसी मान्यता थी कि यह विश्व अर्थों से निर्मित होने के कारण वास्तविक नहीं है। इसमें यह शब्द ही एक ऐसा है जो हमें सबका अर्थज्ञान कराता है। यहाँ विवाद इस बात पर हो गया कि 'गुरु गोविन्द दोनों खड़े काको लागूँ पाय' अर्थात् शब्द महत्त्तम है या अर्थ।

इसमें मुख से व्यक्त ध्वनि के विषय में मीमांसक और नैयायिक दोनों की बात की अपेक्षा वैय्याकरणों का मत अधिक समीचीन प्रतीत होता है। उनके अनुसार शब्द या स्फोट, ध्वनि नित्य नहीं, यह आधारवत् है। यह आधार प्रणव है, सारा विश्व जिसकी अभिव्यक्ति है। यह शब्द तत्व विश्व का कारण है। इसका साम्य हम शंकर के अद्वैत ब्रह्म से कर सकते हैं। स्फोट वादियों का शब्द ब्रह्म, शुद्ध ब्रह्म का पर्याय है। इसकी पुष्टि में ऋग्वेद में प्रतिपादित इसकी महत्ता में व्यक्त श्लोक दृष्टव्य है:—

"वागेवार्थम पश्यति वाग्ब्रवीति वागेवर्धम् सान्निहिपम् सन्तनीनि।
वाचैत विश्वम् बहु रूपम् बिद्धम् तदेतदेकम् प्रतिज्योपमुङक्ते।।"

और आगे पूर्ति में देखिए:—

"वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे वाच इतसर्वममृतम् भमिम् च।"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसके अनुसार यह विश्व शब्द से विकसित हुआ है। अद्वैत वादी शंकर का एक पद्य भी इस संबंध में द्रष्टव्य है:—

"नित्येभ्य: शब्देभ्यो देवदिव्य वीना प्रणव इत्यविरुद्धम् ।
नित्येभ्य: शब्देभ्यो देवदिव्यवर्ताना संभव इत्यविरुद्धम् ।"

अर्थात् ऋषियों ने वाणी को अपन्न नहीं किया अपितु जो वाणी का स्वरूप पहले से ही विद्यमान था उसी को पुनः प्राप्त किया था। भर्तृहरि का एक श्लोक इस विषय में और देखिए:—

'अनादि निधनं ब्रह्म शब्दस्तत्त्वं यदक्षरम् ।
निवर्त्तते ऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यत: ॥

इस श्लोक में ध्यान देने की बात यह है कि विश्व को शब्द ब्रह्म का विवर्त कहा है, परिणाम नहीं।

अभी तक आपने शब्द ब्रह्म के संवर्त्त विवर्त्त रूप को जाना है अब आप 'शब्द ब्रह्म की अनुभूति के विषय में भी जान लीजिए। वाणी का पिछले पृष्टों में उल्लेखन हुआ है। इस शब्द ब्रह्म की अनुभूति भी तदनुरूप ही है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के १६४वें सूत्र के १०वें मंत्र में इस प्रकार दिया है:-

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मिणा ये मनीषिण: ।
गुहात्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥

अर्थात् शब्द या वाणी के, परा, पश्यन्ति, मध्यमा, वैखरी ये चार रूप हैं। इनमें से परा मूलाधार में है, पश्यन्ति नाभि में है, मध्यमा हृदयाकाश में है और जो हम बोलते हैं, यह वैखरी है।

शब्द ब्रह्म की अनुभूति में प्रणवोपासना 'नेदिष्ठ ब्रह्मणो यदोङ्कार इति' कथित, एव योग और शुद्ध भाषण सहायक हैं। शब्द का यही दर्शन है। इसके लौकिक अनुभूति पक्ष में दो भेद माने हैं। पहला ध्वन्यात्मक और दूसरा वर्णात्मक, ये क्रमशः वैखरी और रेहमम्मा से अयिजात्य संभूत हैं, यही वैयाकरणों की दृष्टि में स्फोट है। इस स्फोट में पदगत कार्यों के आभास क्रम को ग्रहण न कर, श्रोता उसके समस्त व्यंजक रूप को लेता है। लघु मंजूषा में अभिव्यक्त श्लोक का भाव इस संबंध में दृष्टव्य है—"मध्यमया कृति नाशः स्फोटो व्यंजक उच्चते।" स्फोट का अर्थ "स्फुटत्यर्थों ऽस्मिनिति स्फोट", अर्थात जिसमें या जिससे अर्थ प्रस्फुटित हो वही स्फोट है।

साहित्य शास्त्र में व्यवहृत शब्द और शक्ति के रूप, संगीत में व्यक्त एवं आध्यात्मपरक अर्थ से भिन्न, तीन शक्तियों, अभिधा लक्षणा और व्यंजना से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अभिप्रेत है। काव्य या काव्य का रूप, शब्द और अर्थ से निर्मित है। शब्द के विना काव्य का जन्म ही संभव नहीं है। किन्तु संगीत में इन सब रूप विद्याओं की सीमा से अतिव्याप्त आशय है। वह सर्वथा देश काल के वन्धनों से मुक्त सार्व भौमिक, सार्वकालिक और सार्वदेशिक है। उसकी विश्व-व्यापक अन्विति है। साहित्य में प्रयुक्त शब्द वैखरी के उत्स से निसृत है या शब्दों का आधार वैखरी वाणी है। स्वरों का आधार मध्यमा वाणी है। मध्यमा, पश्यन्ती के व्यक्त विमर्श का परिणाम है। मध्यमा वाणी स्वर रूप में या नाद रूप में प्रस्फुटित होकर श्रवणेन्द्रिय ग्राह्य है। संगीत में स्वरों की सत्ता अलग नहीं रहती अपितु उनका समवेत स्वरूप नाद ही संलक्ष्य होता है।

गान क्रिया प्रायः मध्यमा वाणी से ही संपन्न होती है। ऐतरेय ब्राह्मण में वेदों के उच्चारण के विषय में स्पष्ट लिखा है कि वेदों में व्यक्त वैखरी का उच्चारण मध्यमा वाणी से करना चाहिये। इस संबंध में वेद का ही उदाहरण समीचीन है। "मध्यमा वाचा शसत्यात्मानमेध तत्सस्कुरनते।" अर्थात् इनके उच्चारण में मध्यमा वाणी का प्रयोग ही अभिप्रेत है। मंत्र की सिद्धि तभी हो सकती है। यही कारण है कि ऋग्वेद गानलयवद्ध और स्वर वद्ध है। साम वेद तो स्पष्टतः स्वर संगीत का परिप्लावित स्वरूप ही है।

आज के सभी पाठक यह भली प्रकार जानते हैं कि मनोरंजन का उत्तम साधन संगीत है। इससे मनुष्य का हृदय सदैव उल्लसित रहता है। मानव के विकास के विषय में यह सर्वमान्य सत्य है कि समाज को सर्वांगीण उन्नति के पश्चात् ही काव्य और संगीत आदि का ज्ञान हुआ होगा। वेद, मानव सभ्यता के अति-अतीत की प्राचीनतम सिद्धि है। वेद स्वयं काव्य रूप है। वेदों के सम रूप आज विश्व में कहने को कुछ भी नहीं है। इसके काव्य रूप के साथ संगीत की विद्या की भी अवस्थापना स्पष्ट शब्दों में निम्नवत् करनी होगी।

इस वैदिक काल में संगीत का श्रेयस् प्रचार था, यह हमें मानने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। इसके प्रमाण हमें वेदों से भली प्रकार मिलते हैं। 'ऋग्वेद में मृदंग, वीणा, वंशी, डमरू आदि वाद्य यंत्रों का उल्लेख मिलता है। इन वेदों के यज्ञों में साम गायन के लिए उद्गाताओं की नियुक्ति होती थी, जो प्रतिक्षण वीणा वाद्य के द्वारा सामगायन किया करते थे। इस सामगायन में वीणा और मृदंग स्वर ताल के साथ बजते थे। सांत स्वरों के उदात्त, अनुदात्त, स्वरित तीन भेदों में तीन ग्रामों के साथ, श्रुति, मूर्च्छना और तानों को साम मंत्रों के द्वारा प्रकट किया जाता था जिससे अति प्राकृत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आनंद की सृष्टि होती थी।

यदि संगीत विकास की दृष्टि से विचार करें तो ये याज्ञिक अर्थात् यज्ञ क्रिया कराने वाले याज्ञिकों ने संगीत का प्रचार और प्रसार दोनों ही सत्‌रूप में किया। इनके मूल भाव में आध्यात्मिक भावना संकल्प-वत् रही जिस कारण से इन याज्ञिकों ने संगीत के स्तर को, या विकास कार्य को एक श्रेष्टतम् गति प्रदान की। इन याज्ञिकों के द्वारा उत्पन्न हुए सात स्वरों के अतिरिक्त आज तक विश्व का कोई संगीतकार आठवाँ स्वर निःसृत नहीं कर सका। तथा ऐसा ही, वीणा सदृश वाद्य यंत्र के विषय में भी है कि आज भी इसके समान-धरातल, पर समस्त विश्व में कोई दूसरा वाद्य यंत्र कोई भी वादक नहीं बना सका। इस वीणा की वेदों में वहुत चर्चा है और यह अपने समय में प्रसिद्धि-प्राप्त पूर्ण विकास पाया हुआ वाद्य यंत्र था।

जर्मन के नामी-ग्रामी विद्वान् 'वेवर' जिन्होंने भारतवर्ष में रहकर भारतीय साँस्कृतिक, प्राचीन एवं अर्वाचीन गति विधि के वैज्ञानिक विश्लेषण में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भाग लिया है, उन्होंने भारतीय साहित्य नामक पुस्तक में संगीत के सात स्वरों के विषय में अपना मतं व्यक्त किया है कि हिन्दुओं के सात स्वर, स, रे, ग, म, प, ध, नि, की नकल ईरानियों ने की, और दो, रे, नि, क, सो. ल, सि के रूप में परिवर्तित किया। फ़ारस वालों से 'गिड़ों' नामक अंग्रेज ने इनको दो, रे, नि, फ, सोल, लो, री कर दिया। इसी प्रकार फ्रान्सीसियों का 'ग्राम' और अंग्रेजों का 'ग्रेट' शब्द भी संस्कृत के ग्राम और प्राकृत के 'गम' का रूपान्तर हैं। अतः वेवर के इस कथन से पूर्णतया स्पष्ट हो जाने के साथ ही यह मान्यता भी स्थापित हो जाती है कि यह विद्या याज्ञिकों की ही है। जिसका कि विवर्तक्रम वैभिन्य के साथ अन्यान्य देशों में परिवर्तित तथा परिवर्धित रूप में हुआ।

वेदों में प्राप्त संगीतात्मकता के विषय में केवल 'कुछ' कह देना ही यथेष्ट नहीं है। वास्तव में इन वेदों में ऋषियों महर्षियों को आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति जिस रूप में हुई है, उसका स्वरूप ही गीतात्मकता को लिए हुए है। इनके सूत्रों का प्रणयन ही इस ढंग से किया गया है जिसमें उनके हृदयस्थ अनुराग एवं सौन्दर्य भावना को संगीतमय रूप सहज ही मिल गया है। इसमें उदात्त अनुदात्त और स्वरित स्वरों के विधान के द्वारा संगीत तत्त्व का समावेश हुआ है, जिससे कि इसका पाठ विना लय और स्वर के संभव नहीं है। यह अपने आप में इतना पूर्ण है कि तनिक भी परिवर्त्तन से अर्थ का अनर्थ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो जाता है। सम्पूर्ण का तात्पर्य विपर्यय हो जाता है तथा वह भेद समस्त उत्पन्न-सौन्दर्य को नष्ट कर देता है। अतः ऐसा मान्य है कि इस उदात्त अनुदात्त और स्वरित के विधान द्वारा वेदों का प्रत्येक सूत्र कहीं भी असंतुलित नहीं होने पाया है।

ऋग्वेद में और तैत्तरीय यजुर्वेद में उदात्त को मुख्य स्वर माना गया है। इसमें उदात्त स्वर का कोई अपना चिन्ह नहीं होता है वरन् यह अपने से पहले आए हुए अनुदात्त से जिसका चिन्ह '—' नीचे आड़ी रेखा का होता है तथा अपने से पश्चात् आने वाले स्वरित चिन्ह '—' खड़ी रेखा होती है, से जाना जाता है। जैसे 'अग्निमीले पुरोहिते (ऋग्वेद १,१,१,) में प्रथम शब्द में प्रयुक्त आड़ी रेखा के ऊपर का 'अ' अनुपात है तथा खड़ी रेखा से चिन्हित भी' स्वरित है। इसमें 'अ' के बाद का और 'भी' के पहले का 'ग्न' उदात्त स्वर है। इसे स्पष्ट सरल शब्दों में यों कहेंगे कि संगीत में व्यवहृत ताल और स्वर के अनुसार जिसका उच्चारण किया जाता है उसमें चढ़ाव उत्तार, आरोह अवरोह अवश्य होता है। यही चढ़ाव-उत्तार की स्थिति अनुदात्त उदात्त और स्वरित, थी वह ऋग्वेद में है।

ऋग्वेद का पाठ 'संहिता पाठ' और 'पद-पाठ' के दो रूपों में है। संहिता-पाठ के अंतर्गत शब्द की समस्त योजना का रूप है तथा पद पाठ में स्वर और लय के समन्वित स्वरूप का पाठ होता है। इस तरह पद-पाठ में स्वर और लय के विधान को दृष्टि में रखकर पाठ करने की प्रक्रिया, इसी संगीतात्मकता की ओर संकेत करती है। वेदों में सर्वाधिक प्रयुक्त गायत्री छंद यथा नाम तथा गुण है। गायत्री का अर्थ होता है जो गाया जा सके, अर्थात् गेयता पर ही इस छंद की महत्ता निर्भर है। इस गायत्री छंद के अतिरिक्त कई मार्मिक अंश अपनी गेयता के लिए प्रसिद्ध है। इन अंशों में, सर्व प्रथम उषा विषयक ऋचाओं में संहित गीतात्मकता द्रष्टव्य है। इस प्रस्तुत अंश से गीतात्मकता के साथ ही भावों की मौलिकता भी दर्शनीय है:—

एषा शुभ्रा न तन्वो विदानो र्ध्वेव स्नाती दृशये नो अस्थात्।
अप द्वेषो बाधमाना तमांस्युषा दिवो दुहिता ज्योतिषागात्॥
एषा प्रतीची दुहिता दिवो नृन्योषेव भद्राणि रिणीते अप्सः।
व्यूर्ण्वती दाशुषे वार्याणि पुनर्ज्योतिर्युवतिः पूर्वथाकः।

(ऋग्वेद ५+५/८०)

इस प्रस्तुत ऋचा में गीत तत्त्व के साथ ही भाव का सौन्दर्य भी द्रष्टव्य है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उषा पूर्व दिशा में आकर इस प्रकार खड़ी हो गई है जैसे अभी स्नान करके उठी हो और वह अपने अंगों के सौन्दर्य से अभिज्ञ है इस तरह वह अपने आपको हम से परिचित करा देना चाहती है आदि-आदि ।

यम-यमी का प्रसंग जो ऋग्वेद के नवें दसवें मण्डल में है अपनी गीतिमत्ता के कारण विशेष महत्ता रखता है । इसमें भाव की अपेक्षा एक कथा का नियोजन किया गया है जिसमें कि हृदय का अंतर्द्वन्द्व, जो कि अति ही सजीव और स्वाभाविक ढंग से प्रस्तुत हुआ है, इसके स्वरूप गुणों की वृष्टि करता है । पुरूरवा और उर्वशी का प्रसंग भी इसी धारा में उल्लेखनीय है । यह प्रसंग संवाद के रूप में आया है । इन कुछ ही प्रकरणों से ऋग्वेद की गीतात्मकता का परिचय पूर्ण रूप से मिल जाता है ।

सामवेद में प्राप्त संगीतात्मक तत्वों के अन्वेषण से पूर्व यह जान लेना अति आवश्यक है कि सामवेद की रचना का मुख्य उद्देश्य उपासना के योग्य संगीत गुण वाली ऋचाओं का एक स्थान में संग्रहीत करना ही था जिसके द्वारा तत्कालीन वातावरण को माधुर्य और भावना से ओत-प्रोत बनाया जा सके, इसी का परिवर्तित रूप आगे चलकर हमें 'सांङ्गीतिक मण्डलियों' तथा सामवेदीय गीतकारों के रूप में मिलता है । सामवेद पूर्वाचिक और, उत्तराचिक इन दो भागों में मिलता है । आर्चिक शब्द का अर्थ होता है गेय मंत्रों का संग्रह । जैसा कि अभी कहा जा चुका है कि सामवेद गेय मंत्रों का संग्रह है । ये मंत्र मूल रूप में ऋग्वेद तथा अन्य वेदों से लिए गए हैं तथा उन्हें एक विशिष्ट संगीतात्मक विद्या में संजो कर रखा गया है इसमें स्वरों का अंकन ऋग्वेद से भिन्न भिन्न रूप में हुआ है यह नियम अथर्ववेद और यजुर्वेद में भी भिन्न प्रकार से पाला गयाहै । सामवेद में उदात्तादि स्वरों का अंकन रेखाओं के स्थान पर १, २, ३, संख्याओं के द्वारा किया गया है । यहाँ १ का तात्पर्य उदात्त स्वर से २ का अनुदात्त स्वर से और ३ का स्वरित से है । सामवेद में कहीं कहीं चौथे स्वर प्रचय या एक श्रुति का भी उल्लेख आया है । प्रचय के संबंध में यह कहा गया है कि उदात्त और अनुदात्त के एकीभाव से बने स्वर के आरम्भिक अर्थ मात्रा का अंश स्वरित है तथा उसका शेषांश प्रचय में आने वाली सामवेदीय गीत परम्परा में सामवेद का सामगान सात स्वरों में प्राप्त होता है ।

सामवेद के मंत्रों की ऋचाओं को गेय गीतात्मकता में परिणत करने के लिए कुछ पद जोड़े जाते हैं, जिन्हें 'स्तोभ' कहा जाता है । वैसे हा, उ, हों इ,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ओ हो वा, ओ हो २ ओ हा ३, ओ वा ३, इत्यादि । ये स्तोभ कुछ ऐसे ही अक्षर और पद हैं जिन्हें कि आलाप के लिए गेय पदों में राग-रागिनी का गान करने वाले गायक जोड़ दिया करते हैं । सामगान के वास्तविक रूप को समझने के लिए आपके समक्ष एक मूल ऋचा पर आधृत गान को प्रस्तुत करता हूँ जिसका नाम 'सेतुसाम' है । मूल ऋचा का स्वरूप निम्न है:—

३ १ २ ३ २ ३ ३ २ ३ १ २ ३.१ २ ३ १ २ ३ १ २
अहमास्मि प्रथमजा ऋतस्य पूर्वंदेवेभ्यो अमृतस्य नाम ।
२ ३ १ २ ३ २ उ ३ १ २ ३ २ उ. ३ १ २ ३ १ २
यो मा ददाति स इ देवमा व दह: मन्नमन्नम दन्तमद्मि ।

अर्थ की दृष्टि से इस ऋचा का संबंध आत्मा से है यह अपने मूल रूप से ऋग्वेद में नहीं है । यह सामवेद में ही अपने मूल रूप में है तथा सामवेद की आरण्यक सहिता में प्राप्त होती है । इस मूल ऋचा में सामगान के लिए अतिरिक्त पदों को जोड़ा गया है उसका विस्तार निम्न प्रकार है:—

हा उ हा उ हा उ
सेनू स्तर सेतु स्तर सेनु स्तर । (ख)

(क) दुरस्तान दुरस्तान दुरस्तान ।
दानेनादानम् दानेनादानम् दानेनादनम् ॥
हा उ हा उ हा उ
अह्यस्मि प्रथमजाऽ२३ स्याऽ३४५ ।

(क)
अक्रोधेन क्रोधम अक्रोधेन क्रोधम अक्रोधेन क्रोधम ।
हा उ हा उ हा उ
मूर्वं देवेभ्यो अमृतस्य नाऽ२३ याऽ३४५ ॥

(ख)
श्रद्धमाश्रद्धाम् श्रद्धमाश्रद्धाम् श्रद्धमाश्रद्धाम् ।
हा उ हा उ हा उ
यो मा ददाति स इदेव माऽ२३ वा ३४५त् ।

(क)
सत्येनानृतम् सत्येनानृतम् सत्येनानृतम् ।
अहमन्नमन्नम दन्त माऽ२३ भि ३४५ ।
हा उ हा उ हा उ
ऐषा गति ऐषा गति: ऐषा गति:

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एतदमृतम् एतदमृतम् एतदमृतम् ।
स्वर्गच्छ स्वर्गच्छ स्वर्गच्छ ।
ज्योतिर्गच्छ ज्योतिर्गच्छ ज्योतिर्गच्छ ।
सेतुं स्तीर्त्वा चतुरः २३४५ ॥

इस तरह सामगान का सर्वथा सीधा संबंध संगीत शास्त्र से है । नारदीय शिक्षा के अनुसार सामवेदीय सप्त स्वरों की गणणा अंगुलियों पर संकेत से करते हैं । अंगूठे के अग्रभाग में क्रुष्ट, निम्न भाग में प्रथम स्वर, तर्जनी अंगुली में द्वितीय या 'गन्धार स्वर, मध्यमा में तृतीय स्वर या ऋषभ, अनामिका में चतुर्थ स्वर या षड्ज, कनिष्ठका के निम्न भाग में पंचम स्वर या निषाद और अग्रभाग में षष्ठ स्वर या धैवत का संकेत किया जाता था ।

संगीत में जिस तरह मन्द्र, मध्य और तार तीन सप्तक होते हैं उसी प्रकार सामगान में भी मन्द्र, मध्य और उत्तम ये तीन स्थान सात स्वर के माने जाते हैं ।

वेदों में प्रमुख रूप से तीन प्रकार के स्वरों का ही उल्लेख है उदात्त अनुदात्त और स्वरित किन्तु ये तीनों आगे चलकर सात में विवर्त हुए । वेदों के समय से इन सात स्वरों का समभाव तीन में ही था । जिनका कि आविर्भाव आगे चलकर एक के वाद एक का होता गया । इस प्रकार वेद एवं वैदिक वाङ्मय में प्रयुक्त स्वरों के विषय में अनेक उल्लेख मिलते हैं । इनमें एक स्वर से लेकर सात स्वरों तक का आलेखन है । एक स्वर का विधान कतिपय ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलता है । जिसे 'तान स्वर' या प्रावचन' स्वर भी कहते हैं । तान स्वर का अर्थ एक श्रुति स्वर भी किया गया है । वाजसनेय प्रति शाख्य १/१२८ में केवल दो स्वरों का ही उल्लेख मिलता है जो कि इसके व्याख्याकार के मतानुसार उदात्त और अनुदात्त ही हैं । कई संहिताओं में उदात्त अनुदात्त और स्वरित तीन स्वरों का उल्लेख प्राप्त होता है । स्वरित के विषय में कुछ प्राचीन विद्वानों की धारणा है कि उदात्त और अनुदात्त का एकीभाव ही स्वरित है । इन तीन स्वरों का विधान ऋग्वेद में विस्तृत रूप से प्राप्त है । जिसका कि उल्लेख 'अग्नि भीले पुरोहित ·····' में किया जा चुका है । तैत्तिरीय संहिता में चार स्वरों का भी उल्लेख मिलता है । इन चार स्वरों में उदात्त, अनुदात्त, स्वरित और प्रचय या एक श्रुति है । नारदीय शिक्षा ७/१८ में उदात्त, अनुदात्त, स्वरित प्रचय और निघात नामक पाँच स्वरों का वर्णन उनके एक सूत्र में प्राप्त होता है:—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उदात्तश्चानुदात्तश्च 'स्वरित प्रचिते तथा ।
निघातंश्चेति विज्ञेयः स्वर भेदस्तु पञ्चमः ॥

सामवेद में ६ स्वरों वाले सामगानों की संख्या बहुतायत से प्राप्त है किन्तु ७ स्वरों वाले सामगानों से कम है। महाभाष्य में सात स्वरों के विषय में इस प्रकार लिखा है "सप्त स्वरा भवन्ति—उदात्त, उदात्ततर, अनुदात्त अनुदात्ततर, स्वरितः, स्वरिते च उदात्तः (सोऽन्येन विशिष्टः, एक श्रुति सप्तमः) अर्थात् उदात्त, उदात्ततर, अनुदात्त, अनुदात्ततर, स्वरित, स्वरित के आरंभ में विद्यमान उदात्त (अन्य उदात्त से भिन्न) और एक श्रुति ये सात स्वर होते हैं। सामगानोपयोगी सात स्वरों का विधान नारदीय शिक्षा में मिलता है, वे सात स्वर हैं षड्ज, ऋषभ, गंधार मध्यम्, पंचम धैवत निषाद तैत्तिरीय प्रतिशाख्य २३/१४ में इन्हें क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र, और अतिस्वार्य कहा है नारदीय शिक्षा १/१२ में भी इन्हीं नामों से साम स्वर का विधान दिया गया है।

वेदों के संगीत तत्व के उपरान्त, वैदिक साहित्य में सात स्वरों के आविर्भाव में आई हुई साङ्गीतिक विद्या का स्पष्ट चित्राङ्कन जिसका कि संकेत पूर्व पृष्टों में किया जा चुका है कि संगीत दो रूपों में प्राप्त है। प्रथमतः अनाहित संगीत जिसे नाद, अनाहत नाद आदि कहा गया है, यह मार्गीय संज्ञा से अभिहित है। जिसकी कि साधना, योगी ऋषि, मुनि, यति, प्रज्ञावान ही कर पाये हैं। जिसकी साधना के अंतर्गत ब्रह्म मोक्ष आदि प्राप्ति ही मुख्य लक्ष्य रहा है। ऐसा संगीत केवल कुछ तक ही सीमित होकर रह गया। इसकी प्रति क्रिया स्वरूप बाधित संगीत जन साधारण में आया, जिसमें आहतनाद का प्रयोग हुआ। यह संगीत देशीसंगीत के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

जैसा कि हम ऊपर वर्णन कर चुके हैं कि मार्गी सगीत कतिपय योगियों, सिद्धों और तपस्वियों तक ही सीमित रहा जिनका ध्येय केवल मोक्ष की प्राप्ति ही था। जनसाधारण एवं भक्तजन जो घोर साधना नहीं कर सकते थे, उन्होंने भी किसी न किसी रूप में नाद का ही आश्रय लिया। यह वही आहत नाद है जिसका प्रयोग देशी संगीत में हुआ और भक्तजनों के लिये भगवद् शक्ति का साधक बना। आहत नाद से अभिप्राय है—वह नाद जो किन्हीं दो वस्तुओं के परस्पर संघर्ष से उद्भूत हो। यह नाद मुक्तिदायक तो है ही साथ ही रक्तिदायक भी है। संसार का हर प्राणी इस नाद से किसी न किसी रूप में सम्बद्ध है।

संसार में सुख और दुःख का चक्र सदैव ही गतिमान रहता है, कोई भी जीव इससे छुटकारा नहीं पा सकता। मनुष्य की सांसारिक इच्छायें जब पूर्ण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होती हैं, वे जो बाह्य रूप से तो सत्य, नित्य एवं आनन्दप्रद परन्तु ज्ञान की दृष्टि से देखने पर मिथ्या तथा क्षणभंगुर ही होती हैं, परन्तु मानव अज्ञान-वश उनमें लीन हो कुछ समय के लिये सुख तथा आनन्द का अनुभव करता है। इन इच्छाओं की पूर्ति पर प्राप्त हृदयोल्लास को वह संगीत के माध्यम से प्रकट करता है अर्थात् उसके सुख एवं आनन्द की अभिव्यक्ति संगीत द्वारा होती है। ये सुख की घड़ियाँ प्रत्येक पुरुष के जीवन में अनेक बार आती हैं उदाहरणतया विवाह, शिशु जन्म, नाम संस्कार, मुंडन संस्कार तथा ऐसे ही शुभ अवसर। इन अवसरों पर यदि मनुष्य संगीत का आश्रय न ले अथवा संगीत को न अपनाये तो वह आनन्द की घड़ी नीरस तथा शून्य सी प्रतीत होगी। अतएव संगीताभाव में मानव का जीवन नीरस तथा अधूरा है। दीपावली, दशहरा, रामनवमी, शिवरात्रि आदि अनेक पावन पर्वों पर मानव का मन आनन्द विभोर हो उठता है और स्वतः ही वह नाच उठता है। उसका उन्मत्त हृदय स्वाभाविकतया किल्लोल करने लग जाता है और वह गुनगुनाने लग जाता है।

इस परिवर्तनशील संसार की प्रत्येक वस्तु परिवर्तनशील है। ऋतुयें परिवर्तित होती हैं, दिन और रात बदलते हैं, यहाँ तक कि मानव की देह भी परिवर्तन को प्राप्त होती है। ग्रीष्म के पश्चात् वसन्त, वसन्त के पश्चात् पुनः ग्रीष्म ऋतु आती है, अतएव ऋतुयें स्थायी न होकर बदलती रहती हैं। दिवस रात्रि में और रात्रि पुनः दिवस में परिवर्तित होती है। तद्वत मानव की देह भी अनेक अवस्थाओं को प्राप्त होती है जैसे शिशु से बालक, बालक से युवक और युवक से वृद्ध। यही प्रकृति का नियम है। संसार के इस उतार चढ़ाव में मानव को संघर्ष करना पड़ता है। जहाँ मानव सुख प्राप्त करता है वहाँ उसे अपनी इच्छा के प्रतिकूल दुःख के दिन भी देखने पड़ते हैं। दुःख में वह जब पीड़ानुभव करता है तो, उस समय वह उसका (दुःख का) निवारन भी संगीत द्वारा ही करता है। उसके मित्र, सगे सम्बन्धी संकट की स्थिति में जब उसका साथ छोड़ देते हैं तो ऐसे समय में संगीत मानव का सच्चा साथी सिद्ध होता है, उसको एकाकीपन का आभास नहीं होने देता और दुःख को दूर करने में भी समर्थ होता है। सारांश यह है कि सुख में, दुःख में संगीत मानव का साथ देता है। दुःख के समय उसके हृदय के बोझ को हल्का करता है और सुख में उसके आनन्दित हृदय को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। अतएव मानव इन दोनों अवस्थाओं में संगीत के आश्रित है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हर एक व्यक्ति प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष रूप से, संगीत से सम्बन्धित है, हर अवस्था में जाने अनजाने रूप से संगीत का उसमें निवास है। यहाँ तक कि बालक, जिसको संसार की कोई भी वस्तु आकर्षित एवं अपने अधीन नहीं कर सकती, वह भी संगीत के नाद से वंचित नहीं। हम सभी जानते हैं कि वे खिलौने जिनसे ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं शिशुओं को विशेष रूप से प्रिय होते हैं। इसी प्रकार यदि जब शिशु हठ पूर्वक रोना प्रारम्भ कर देता है, और किसी भी यत्न द्वारा वह चुप नहीं होता, तो उस समय उसकी माता संगीत का आश्रय लेती है और अपने कंठ से अनेक प्रकार की ध्वनियाँ बोलना प्रारम्भ कर देती है, या किसी न किसी वस्तु पर आघात करके उससे नाद उत्पन्न करती है। परिणाम यह होता है कि वह शिशु जो किसी भी प्रकार से बहल नहीं रहा था अब तुरन्त ही ध्वनियों के श्रवण से आनन्दित हो, चुप हो जाता है और हँसना प्रारम्भ कर देता है। इससे स्पष्ट हुआ कि अबोध शिशु पर भी नाद का कितना विलक्षण प्रभाव पड़ता है।

प्रत्यक्षानुभव द्वारा इस तथ्य से भी हम सब परिचित हैं कि बालक चाहे कार्यनिमग्न हों, अर्थात् वे खा रहे हों या खेल रहे हों, घर से बाहर यदि उन्हें किसी बाजे की सुनाई पड़ जाती है तो उसे सुनने के लिये अत्यन्त व्याकुल हो बड़ी शीघ्रता से उस ओर भागते हैं जहाँ से बाजे की ध्वनि सुनाई पड़ती है। बालकों को नाद इतना अधिक आकर्षित कर लेता है कि वे सब कुछ भूलकर भयरहित हो दौड़ने लग जाते हैं। बन्दर व रीछ का तमाशा दिखाने वाले व्यक्ति की डुगडुगी की आवाज के सुनते ही वे तमाशा देखने के लिये दौड़ पड़ते हैं।

इसके अतिरिक्त संगीत बाल्यावस्था में बुद्धि के विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बालकों को यदि हम भाषण द्वारा कुछ समझाने का प्रयत्न करें तो उसे समझने तथा कंठस्थ करने में वे असमर्थ रहते हैं परन्तु यदि संगीत के माध्यम से उन्हें समझाने का प्रयास करें तो हम सफल होते हैं और बच्चे बड़े चाव से गाते गाते कंठस्थ कर लेते हैं। जिस बालक का मन शिक्षा ग्रहण करने में नहीं लगता, वह भी संगीत द्वारा आकर्षित हो अपने चंचल मन को स्थिर करके गायन को गाने व सुनने में निमग्न हो जाता है। ऐसे ही चंचल बालक का मन धीरे धीरे स्थिर हो जाता है और वह विद्याध्ययन में भी मन लगाना प्रारम्भ कर देता है। यही कारण है कि आजकल छोटे २ बच्चों को छोटी छोटी कविताओं के गायन द्वारा कई ज्ञातव्य विषयों ज्ञान कराया जाता है। बालकों को जब संस्कृति का परिचय संगीतात्मक पदों द्वारा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कराया जाता है तो वे सहज ही बड़ी सरलता पूर्वक उन्हें कंठस्थ कर लेते हैं ।

संगीत के स्वरों को गाने अथवा समझने के लिए चतुर एवं सूक्ष्म बुद्धि की आवश्यकता है । इसलिये जब भी कोई इन स्वरों को गाने या सुनने का प्रयत्न करता है तो उसकी बुद्धि चंचलता को त्याग उन स्वरों में खो जाती है । इस प्रकार संगीत की शिक्षा द्वारा बालकों की बुद्धि सूक्ष्म एवं तीव्र हो जाती है, वे प्रत्येक वस्तु पर सोच विचार करने लग जाते हैं । ऐसे ही सूक्ष्म एवं चतुर बुद्धि वाले बालक ही भविष्य में जाकर देश तथा धर्म की रक्षा करने में सहायक सिद्ध होते हैं । मुझे स्मरण है कि एक बार लाला लाजपतराय जी ने भाषण में कहा था कि प्रत्येक भारतीय को संगीत की शिक्षा होना आवश्यक है क्योंकि संगीतकार चतुर, बुद्धिमान एवं दूरदर्शी होते हैं । विशेषकर, इन्हें समय की पहिचान होती है । वे जानते हैं कि क्या समय है और क्या करना उचित है ? ऐसे चतुर तथा बुद्धिमान, पुरुष का जीवन श्रेष्ठ होता है कारण यह कि वह जो कुछ भी करेगा वह समय की माँग के अनुकूल होगा, जिससे उसकी समाज में प्रतिष्ठा होगी । इसके अतिरिक्त वह देश व धर्म की रक्षा करने में भी सहायक सिद्ध होगा । कई बार हम अनुभव करते हैं कि जब भी कोई व्यक्ति समय के विपरीत कार्य करता है तो वह कितना असंगत एवं हानिकारक सिद्ध होता है ? ऐसा करने पर उसके सम्मान को कितनी क्षति पहुँचती है ? इस प्रकार स्पष्ट होता है कि सूक्ष्म तथा चतुर बुद्धि वाला व्यक्ति ही देश, धर्म एवं जाति का रक्षण कर सकता है, समाज में वह यश और सम्मान प्राप्त करता है । सारांश यह है कि मानव जीवन को सफल एवं श्रेष्ठ बनाने में संगीत कला का महत्वपूर्ण स्थान है ।

केवल यही नहीं कि संगीत मानव के दुःख में एवं सुख में सहायक होता हैं, यही नहीं कि यह कला बुद्धि के विकास में सहायक होती है, यही नहीं कि अबोध शिशु तथा बालक भी इसके द्वारा आकर्षित होते हैं अपितु जैसा कि हम ऊपर भी वर्णन कर चुके हैं कि देश के अच्छे नागरिक बनाने में भी इस कला का योगदान सराहनीय है । और तो और देश में संकट की स्थिति आ जाने पर यह कला देश भक्तों को त्याग बलिदान और आत्मसमर्पण करने के लिये प्रेरित करती है । अपने देश की शत्रुओं से रक्षा करने वाले वीर सैनिकों में वीर भावनाओं को जागृत करने वाला भी संगीत ही है । वीर जवान इन्हीं भावनाओं से ओत प्रोत होकर हँसते हँसते देश के लिये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

